
(xiii) Setting- इसमें Google Chrome की सभी सेटिंग्स होती है जिसको आप अपने अनुसार प्रयोग कर सकते हैं ...




(xiv) Help- इसके जरिये आप Google Chrome से Help ले सकते हैं...

F1 = Help

(xv) Exit- इस ऑप्शन के जरिये आप google chrome browser से बाहर निकल सकते हैं...

Alt+F4 = Close Chrome Browser

(14) ये आपके गूगल अकाउंट का Logo है जब आप इस क्रोम ब्राउज़र में ईमेल के जरिये Log In किये थें...

(15) इस ऑप्शन पर क्लिक करके आप अपने bookmarks को एडिट या manage कर सकते हैं...

# इन्टरनेट कोर्स: पाँचवाँ दिन

## प्रश्न- वेबसाइट (Website) क्या होता है ?

उत्तर- वेबसाइट कई "Web Page" का समूह होता है, जिसमें सभी Web Page Hyperlink द्वारा एक-दूसरे से जुड़े होते हैं | एक वेबसाइट में कई सारे "Web Page" होते हैं, ऐसा नहीं की सिर्फ वेबसाइट के Home Page को ही Web Page कहा जाता है |

नोट: Website का जो पहला पेज होता है उसे ही हम "Home Page" कहते हैं |

| Confusion |
|---|
| Web Page Hyperlink: Actual में Hyperlink एक Link ही होता है जिसपर क्लिक करने पर Web Page Open हो जाता है जिसके जरिये हम एक Page से दूसरे पेज पर आसानी से Jump कर जाते हैं \| |
| Web Page: Actual में Web Page एक Document की तरह ही होता है जो HTML या अन्य Programming Language द्वारा लिखा जाता है \| |
| Home Page: किसी भी वेबसाइट का पहला पेज यानी शुरुआत में open होनेवाला पेज ही Home Page कहलाता है \| |

## प्रश्न- सर्च इंजन (Search Engine) क्या होता है ?

उत्तर- “सर्च इंजन” एक प्रकार की वेबसाइट ही होती है जो की इन्टरनेट पर उपलब्ध जानकारी को खोजकर हमें उसका रिजल्ट्स देता है |




✍ जब हमलोग सर्च इंजन पर किसी भी विषय के बारें स करते हैं तो वो सर्च इंजन आपको उस विषय से सम्बंधित सारे परिणाम दिखा देता है |

## सर्च इंजन के कुछ उदाहरण:-

(i) www.google.com (Google)

(ii) www.yahoo.com (Yahoo)

(iii) www.bing.com (Bing)

(iv) www.ask.com (Ask)

(v) www.duckduckgo.com (DuckDuckGo)

(vi) www.aol.com (Aol)

## URL (Uniform Resource Locator) क्या होता है ?

उत्तर है- URL एक ऐसा Address या साधन होता जिसके जरिये हम किसी भी वेबसाइट या Web Page तक पहुँच सकते हैं | सभी वेबसाइट का URL अलग-अलग होता है ताकि कोई भी व्यक्ति उसी वेबसाइट को खोले जिस वेबसाइट को वो खोलना चाहता है |

**URL-** https://www. computerzone.com

1 2 3 4

इसे ही URL कहा जाता है, हम इस URL को Short भी कर सकते हैं जिसके बाद ये Hyperlink कहलायेगा......

## URL के पार्ट:-

https://www. computerzone.com

पहला भाग: https/http- इसे हमलोग **hypertext transfer Protocol Secure/hypertext transfer protocol** कहते हैं इसकी मदद से इन्टरनेट पर डाटा ट्रान्सफर होती है |

दूसरा भाग: www – इसे हमलोग Subdomain कहते हैं या फिर आप इसे Server भी कह सकते हैं जो किसी Web Page को ढूंढ़ने में मदद करता है - मैं उदाहरण के तौर पर कुछ Subdomain आपको बता देता हूँ

Google का original website – www.google.com

उदहारण (i) mail.google.com (www के जगह पर mail का प्रयोग हुआ है)

उदाहरण (ii) maps.google.com (www के जगह पर maps का प्रयोग हुआ है)

उदाहरण (iii) site.google.com (www के जगह पर site का प्रयोग हुआ है)

ये तीनो Subdomain हैं

तीसरा भाग: aiocomputerzone - ये एक संस्था का नाम है-

चौथा भाग: **.com-** ये एक Domain कोड होता है जो ये दर्शाता है की यह वेबसाइट किस टाइप का है | इस तरह का Domain कोड जो की आपने अक्शर देखा ही होगा

(i) .gov- government

(ii) .org- organization

(iii) .net- network

(iv) .edu- education

(v) .in- India

## URL कैसे-कैसे हो सकते हैं ?

आपके सामने URL कई तरह के दिख सकते हैं जैसे की :-

Example (i) https://www. computerzone.com/internetcourse1234567

ऐसे URL को Messy URL कहा जाता है जो की एक प्रकार का Standard और बड़े URL कहलाते हैं जो की अक्शर Alphabet और Number से मिलकर बना होता है-


Example (ii) https://www. computerzone.com/internet%course=webpage%result$website

ऐसे URL Dynamic URL कहलाता है जो की Alphabet, Number के साथ कुछ-कुछ Different-Different तरह के symbol भी होते हैं जैसे- #@^%$=*&!

Example (iii) https://www. computerzone.com/internetcourse.html

Actual में ऐसे URL HTML के द्वारा बनाया जाता है जिसे हम Static URL कहते हैं जिसको कभी बदला नहीं जा सकता है-

कुछ वेबसाइट का Web Page देखें और उसका URL को चेक करें






-: मैं आपको बात दूँ की किसी-किसी URL में आपको इस तरह का देखने को भी मिलेगा :-

https://google.com/terms-and-conditions

जो अंत में terms-and-condition वाला सेक्शन था उसे हमलोग File Location/Path कहते हैं क्योंकि जबतक वो फाइल का नाम सेलेक्ट नहीं करेगा तो वो किसी Particular वेब पेज को open नहीं करेगा इसलिए सभी वेब पेज का URL अलग-अलग होता है

# इन्टरनेट कोर्स: छठा दिन

## Domain Name क्या होता है ?

उत्तर- मैं आपको बता दूँ की जब हम कोई भी वेबसाइट को बनाते हैं तब हमें एक **IP Address** दिया जाता है जो की उस वेबसाइट की पहचान होती है | अगर हमें उस वेबसाइट तक जाना है तो सबसे पहले हमें उस वेबसाइट का IP Address को किसी भी Browser में लिखना होगा तभी हम उस वेबसाइट तक जा सकते हैं |

मगर ये IP Address अंको में होता है, वो भी चार भागों में, जिसे याद करना किसी भी इंसान के लिए बहुत कठिन होता है जैसे- 10.241.50.241 (IP Address – Internet Protocol Addresss)
इसलिए IP Address के जगह पर "Domain Name" रखा गया ताकि इसे आसानी से याद रखा जाए जैसे-

www. computerzone.com, www.uidai.gov.in

Domain के प्रकार :-
(i) TLD- TLD का मतलब होता है "Top Level Domain" होता है इसका प्रयोग विश्व स्तर पर सूचनाओं के लिए किया जाता है- जैसे- .com, .org, .edu, .net, .gov & .info

### अब हमलोग इस Domain कोड का मतलब समझते हैं-

(i) .com- Commercial वालों के लिए

(ii) .org- Organisation वालों के लिए

(iii) .net- Network Resources वालों के लिए

(iv) .gov- Government वालों के लिए

(v) .info- Information Organisation वालों के लिए

**(ii) CCTLD –** "CCTLD" का मतलब होता है "Country Code Top Level Domain" होता है | इस तरह का Domain किसी एक देश को Target करके बनाया जाता है- जैसे- .us, .ch, .br, ru, .fr, .nz, .uk

✍ अब हमलोग इस Domain का मतलब समझते हैं | Actualy जिस Domain के अंत में केवल दो अक्षर हैं वो किसी देश को दर्शाते हैं जैसे-

(i) in- India

(ii) fr- France

(iii) nz- New Zealand

(iv) uk- United Kingdom Etc.

## Domain की जरुरत कब पड़ती है ?

उत्तर: Domain की जरुरत हमें तब पड़ती है जब हम कोई वेबसाइट बनाते हैं क्योंकि बिना domain के वेबसाइट की कोई पहचान ही नहीं है | मैंने आपको ऊपर में बताया था की domain कई तरह के होते हैं आप अपने आवश्यकता के अनुसार किसी भी एक domain को यूज कर सकते हैं |

✍ मैं आपको बता दूँ की सिर्फ domain से ही वेबसाइट नहीं बनती है और भी कई चीजें वेबसाइट में करनी पड़ती है जैसे – Hosting लेना, वेबसाइट को डिजाईन करना, वेबसाइट में कई सारे Web page बनाना इत्यादि |

अगर आपके संस्था का नाम "AIO COMPUTER ZONE" है तो Domain खरीदने के बाद www. computerzone.com हो जायेगा | अब ये आपके ऊपर निर्भर करता है की आप कौन-सा domain कोड इस्तेमाल करते हैं .com, .in, .net, .info या .gov

## Domain कौन देता है?

उत्तर- Domain वो वेबसाइट आपको देगी जो "Domain Name Service Provider" होंगे | आपको उस वेबसाइट पर जाकर अपने नाम का domain रजिस्टर करना होगा | मैं आपको बता दूँ की सभी domain कोड की कीमत अलग-अलग होता है, किसी domain की कीमत प्रतिवर्ष 100 रूपये तो किसी domain की कीमत प्रतिवर्ष 300 रूपये तो किसी domain में प्रतिवर्ष 500 रूपये देनी पड़ती है अब ये आपको domain कोड पर निर्भर करता है ----

**वो वेबसाइट जो आपको domain दे सकती है-**

(i) Godady (ii) Bigrock (iii) Namecheap (iv) Domain.com (v) Google Etc.......

## Web Hosting क्या होता है ?

उत्तर- Web Hosting के बारे में जानने से पहले मैं आपको एक उदाहरण देता हूँ, अगर हमलोगों को Image, Audio या विडियो को सुरक्षित रखना होता है तो हमलोग एक Memory Card या फिर एक Pendrive खरीदते हैं ताकि मेरा Audio, Video, Image एक जगह स्टोर रहे, उसी तरह से वेब होस्टिंग भी कई सारे वेबसाइट को इन्टरनेट पर कुछ Image, Audio, Video इत्यादि चीजों को रखने की सुविधा देती है- मेरे कहने का मतलब अगर हमलोग एक वेबसाइट बनाने की सोंचते हैं तो सबसे पहले हमलोगों को Web Hosting खरीदना पड़ता है क्योंकि अगर वेब होस्टिंग नहीं खरीदेंगे तो हम अपने वेबसाइट पर image, audio, video इत्यादि चीजों को अपलोड कैसे करेंगे- अगर हमलोग वेब होस्टिंग ले लेंगे तो हम अपने वेबसाइट पर सभी तरह के चीजों को अपलोड कर सकते हैं |

वेब होस्टिंग के कई सारे प्लान होते हैं जैसे..........

(i) अगर आप 30gb का वेब होस्टिंग लेते हैं तो उसका प्रतिमाह अलग Price होगा-
(ii) अगर आप 100gb का वेब होस्टिंग लेते हैं तो उसका प्रतिमाह अलग price होगा
(iii) आप वेब होस्टिंग अनलिमिटेड भी ले सकते हैं मगर उसकी भी कीमत प्रतिमाह अलग होगा-
आपको सभी तरह के प्लान मिल जायेंगे अब आपके ऊपर निर्भर करता है की आप कौन-सा प्लान लेना चाहते हैं |
वेब होस्टिंग देनेवाली वेबसाइट- Godaddy, Bigrock, Bluehost Etc.....

## Web Security क्या होता है?

उत्तर- अगर मैं Direct बात करूँ तो Web Security का मतलब ये होता है की आप अपने Website को Secure करें क्योंकि आजकल कई सारे लोग जो वेबसाइट को Hack करने में लगे हुए हैं, लोग वेबसाइट को गलत तरीके से नुकसान पहुँचा रहें हैं तो ऐसे में आप अगर अपने वेबसाइट के लिए किसी दुसरे वेबसाइट के जरिये Web Security खरीद सकते हैं जिसके बाद आपके वेबसाइट पर किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुँचा पायेगा |

मैं आपको बता दूँ की web security के अन्दर कई चीजें आती है जैसे: -



# इन्टरनेट कोर्स: सातवाँ दिन

## प्रश्न- E-mail क्या होता है ?

उत्तर- E-mail का पूरा नाम Electronic mail होता है इसके माध्यम से कोई भी यूजर्स किसी भी अन्य व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक रूप में कुछ सन्देश भेज सकता है तथा दूसरे के द्वारा भेजे गए सन्देश को पढ़ सकता है |

✍ Email Account हम किसी Email Program के माध्यम से Free में बना सकते है जैसे Gmail, Outlook, Yahoo, Hotmail, Reddifmail आदि | इन्टरनेट पर कुछ ऐसी भी सुविधा दी गयी जिसके जरिये आप एक प्रोफेशनल ईमेल भी बना सकते हैं मगर इसके लिए आपको Monthly या Yearly कुछ पैसे Pay करने होंगे जैसे:-

support@ computerzone.com , help@ computerzone.com Etc…

✍ जब आपका Email A/c बन जाता है, तो Email Program आपको एक Email ID देते हैं. जैसे, **computerzone@gmail.com** एक Mail ID है. इस Email ID को Google के Mail Program **Gmail** के द्वारा बनाया गया है.

## Username

Username, Email ID का @ से पहले वाला भाग होता है इसका इस्तेमाल Email Account में Log in करने के लिए किया जाता है, तथा यह उस व्यक्ति की पहचान भी होती है जिसे Email भेजते है और प्राप्त करते है |

## Domain Name

Email Address में @ के बाद वाला भाग Domain Name होता है यह उस Server का नाम होता है, जहाँ से Internet के द्वारा हमारी सुचनाओं का आदान-प्रदान होता है | ऊपर में दिखाए गए Email Address में gmail.com एक Domain Name है, जिसमें एक Top Level Domain भी जुडा हुआ है | यहाँ .com एक Top Level Domain है, हमारे बताए गए Email Address में "Gmail" एक Service Provider है और .com Service Provider के प्रकार को दर्शाता है |